नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
जाकर	23-6-2020 पत्रावली पेश हुई/~~वकील वादी/प्रतिवादी/ अपीलार्थी/रेस्पोन्डेन्ट/प्रार्थी/अप्रार्थी/उभयपक्ष उपस्थित हैं/अनुपस्थित है।~~ श्रीमान् ~~पीठासीन~~ अधिकारी ~~भ्रमण पर है/अवकाश पर हैं/अन्य कार्यों में व्यस्त हैं/का स्थानांतरण हो गया है।~~ (सरकार द्वारा लोकडाउन) अतः पत्रावली पूर्वानुसार दिनांक 21-7-2020 को पेश हो। रीडर 21-7-2020 पत्रावली पेश हुई/~~वकील वादी/प्रतिवादी/ अपीलार्थी/रेस्पोन्डेन्ट/प्रार्थी/अप्रार्थी/उभयपक्ष उपस्थित हैं/अनुपस्थित है।~~ श्रीमान् ~~पीठासीन~~ अधिकारी ~~भ्रमण पर है/अवकाश पर हैं/अन्य कार्यों में व्यस्त हैं/का स्थानांतरण हो गया है।~~ (सरकार द्वारा लोकडाउन) अतः पत्रावली पूर्वानुसार दिनांक 25-8-2020 को पेश हो। रीडर 25-8-2020 वकील प्रार्थी उप० | बहस को समय चाहते है | अतः वास्ते बहस पत्रावली दि० 31-8-2020 को पेश हो | 31-8-2020 वकील प्रार्थी उप० | बहस सुनी गई | प्रार्थना पत्र 136 L.R.Act स्वीकार किया जाता है | विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर पत्रावली में शामिल किया गया | पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो | उप जिला...	
प्त -3-2020		

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar Choudhary
Date: 2021.02.19 17:30:17 IST
Reason: SelfAttested

निर्णय न्यायालय श्री अनिल कुमार चौधरी, आर0ए0एस0, उप जिला कलेक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
[illegible]/2019	5.9.2019	31.8.2020

बत्तीलाल पुत्र कोरया, मीना निवासी नारायणपुर टटवाडा तहसील गंगापुर सिटी

—प्रार्थी

बनाम

लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी —अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यु एक्ट

उपस्थित :—श्री तरूण शर्मा, एडवोकेट प्रार्थी की ओर से

लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी, अप्रार्थी

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यु एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी की खातेदारी की भूमि ख0नं0 1053/606 रकबा [illegible] है0, ख0नं0 504 रकबा 0.28 है0, ख0नं0 508 रकबा 0.28 है0, ख0नं0 [illegible] रकबा 0.29 है0 ग्राम नारायणपुर, ख0नं0 146 रकबा 0.14 है0, ख0नं0 [illegible]/147 रकबा 0.16 है0 ग्राम खोलाई, ख0नं0 400 रकबा 0.50 है0, ख0नं0 [illegible] रकबा 0.68 है0 ग्राम बाढ टटवाडा में स्थित है। प्रार्थी का नाम बत्तीराम पुत्र कोरया है परन्तु राजस्व कर्मचारियों ने भूलवश प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में बत्तीलाल अंकित कर दिया है जबकि प्रार्थी के सारे राजकीय अन्य दस्तावेजात में प्रार्थी का नाम बत्तीराम पुत्र कोरया अंकित है। यह सद्भाविक भूल है एवं सुधार योग्य है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि उपरोक्त वर्णित भूमि में प्रार्थी का नाम बत्तीलाल की जगह बत्तीराम संशोधित किया जावे व उसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती हेतु अप्रार्थी को लिखा जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया। अप्रार्थी बावजूद सूचना उपस्थित नहीं हुआ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar Choudhary
Date: 2021.02.19 17:30:17 IST
Reason: SelfAttested

अप्रार्थी ने अपने जबाब में अंकित किया है कि प्रार्थी का नाम बत्तीलाल पुत्र कोरया रिकार्ड में दर्ज है जबकि प्रार्थी के राशनकार्ड, पेनकार्ड, आधारकार्ड इत्यादि में प्रार्थी का नाम बत्तीराम पुत्र कोरया है। ग्रामवासियों के अनुसार बत्तीलाल पुत्र कोरया नाम का अन्य कोई व्यक्ति पंचायत में नहीं है।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थी ने नकल जमाबंदी सं0 2073 से 2076 ग्राम नारायणपुर खाता संख्या 103, नकल जमाबंदी सं0 2072 से 2075 ग्राम खोलाई खाता संख्या 64, नकल जमाबंदी सं0 2071 से 2074 ग्राम बाढ टटवाडा खाता संख्या 111, फोटोकोपी आधारकार्ड, फोटोकोपी पेनकार्ड,

फोटोकोपी पत्र फाइनेन्सियल एडवाईजर रेल्वे कोटा, फोटोकोपी पी0पी0ओ0, फोटोकोपी प्रमाण पत्र हायर सैकेण्ड्री परीक्षा 1963, राजस्थान, फोटोकोपी जाति प्रमाण पत्र, फोटोकोपी पत्र दिनांक 25.5.2018 सरपंच ग्राम पंचायत नारायणपुर टटवाडा प्रस्तुत किए हैं।

प्रार्थना पत्र पर बहस विद्वान वकील प्रार्थीसुनी गई।

प्रार्थी के विद्वान वकील ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुसार बहस करते हुए कहा कि प्रार्थी का सही नाम बत्तीराम पुत्र कोरया मीना है परन्तु वादग्रस्त भूमि में प्रार्थी का नाम बत्तीलाल पुत्र कोरया मीना दर्ज हो रहा है। इसकी दुरूस्ती फरमाई जावे।

बहस पर मनन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया। तहसीलदार गंगापुर सिटी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का नाम बत्तीराम पुत्र कोरया मीना है । प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अन्य अभिलेख फोटोकोपी आधारकार्ड, फोटोकोपी पेनकार्ड, फोटोकोपी पत्र फाइनेन्सियल एडवाईजर रेल्वे कोटा, फोटोकोपी पी0पी0ओ0, फोटोकोपी प्रमाण पत्र हायर सैकेण्ड्री परीक्षा 1963, राजस्थान, फोटोकोपी जाति प्रमाण पत्र, फोटोकोपी पत्र दिनांक 25.5.2018 सरपंच ग्राम पंचायत नारायणपुर टटवाडा में प्रार्थी का नाम बत्तीराम पुत्र कोरया मीना है। तहसीलदार गंगापुर सिटी की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का नाम राजस्व अभिलेख में बत्तीलाल के स्थान पर बत्तीराम दुरूस्त किया जाना उचित है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार ग्राम नारायणपुर की जमाबंदी सं0 2073 से 2076 खाता संख्या 103, ग्राम खौलाई की जमाबंदी सं0 2072 से 2075 खाता संख्या 64 एवं ग्राम बाढटटवाडा की जमाबंदी सं0 2071 से 2074 खाता संख्या 111 में दर्ज प्रार्थी का नाम बत्तीलाल के स्थान पर बत्तीराम दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। इन खातो में दर्ज अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेंगी। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार गंगापुर सिटी को लिखा जावे।

पत्रावली फैसलशुदा होकर ... हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 31.8.20.. को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar Choudhary
Date: 2021.02.19 17:30:17 IST
Reason: SelfAttested

(अनिल कुमार चौधरी)
उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी